सीबीएसई/समन्वय/सत्यापन/कक्षा-x/कंपार्ट्./2022 09.09.2022

**सूचना**

**(कंपार्ट्मेंट परीक्षा-2022, कक्षा x)**

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक सुस्थापित नीति के तहत किया जाता है। त्रुटि मुक्त मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए सीबीएसई कई कदम उठा रहा है। इन निम्नलिखित कदमों का कड़ाई से पालन करके परिणाम तैयार किया जाता है। यद्यपि, सीबीएसई के पास आकलन की सुस्थापित प्रणाली है, तथापि, यदि छात्र अपने मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं हैं, तो उनको अंकों के सत्यापन का अवसर और अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतिलिपि को प्राप्त करने और अपने उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा दी जाती है। इन सुविधाओं का उपयोग करने वाले छात्रों से अनुरोध है कि इन सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु दिशानिर्देशों को आवेदन करने से पहले सावधानीपूर्वक पढ़ लें ताकि बाद में कोई भी असुविधा न हो।

**तदनुसार, माध्यमिक स्कूल परीक्षा (कक्षा X) कंपार्ट्मेंट परीक्षा 2022 हेतु निम्न प्रक्रियाओं के लिए कार्यरीति और समय सारणी नीचे दी गई हैं**

I. **अंकों का सत्यापन**
II. **मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की (स्कैन की हुई) फोटोकॉपी**
III. **उत्तर (उत्तरों) का पुनर्मूल्यांकन**

ऐसे अभ्यर्थी, जो माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (कक्षा X) कंपार्ट्मेंट परीक्षा 2022 में उपस्थित हो चुके हैं, उनके लिए अंकों के सत्यापन, मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने हेतु विस्तृत कार्यरीति नीचे इस प्रकार है:

1. सभी प्रक्रियाओं के अनुरोध प्रसंस्करण प्रभारों सहित केवल ऑनलाइन और निर्दिष्ट समय सारणी के दौरान स्वीकार किए जाएंगे। **निर्धारित तिथि और समय के बाद और ऑफलाइन तरीके से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
2. प्रसंस्करण प्रभार केवल ऑनलाइन (क्रेडिट/ डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग) जमा किए जा सकते हैं। प्रसंस्करण प्रभार पोस्टल आदेश/डीडी/मनी ऑर्डर/चेक/नकद इत्यादि के माध्यम से स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
3. अभ्यर्थी से पत्राचार किए बिना अधूरे/ऑफलाइन आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
4. ऑनलाइन प्रक्रिया में प्रत्येक चरण प्रति अभ्यर्थी के लिए केवल एकल आवेदन स्वीकार किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा यह पहले से निर्णय लिया जाए कि उसे एक विषय में या एक से अधिक विषयों में आवेदन करना है।
5. बोर्ड अंक (अकों) में परिशोधन अथवा नियंत्रण से परे कारणों से प्रक्रिया में देरी संबंधी किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6. एक अंक की कमी भी लागू/प्रभावी होगी।
7. अंकों में परिवर्तन (बढ़ने या घटने दोनों) के मामले में, ऐसे अभ्यर्थियों को अंकतालिका सह प्रमाणपत्र जमा करना होगा जो उनके पास है। इसके बाद, उनको नई अंकतालिका सह प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।
8. प्रसंकरण प्रभार वापस नहीं किया जाएगा।

**(I) <u>अंकों का सत्यापन</u>**

क अनुलग्नक–I में समय सारणी दी गई है। प्रसंकरण प्रभार प्रति विषय रु. 500/- है।

ख अंकों के सत्यापन का परिणाम अभ्यर्थी के उसी लॉगिन खाते में निम्नलिखित तरीके से संप्रेषित किया जाएगा जहां से उसने सत्यापन के लिए आवेदन किया है:

(i) अंकों के सत्यापन के परिणाम सीबीएसई वेबसाइट पर अभ्यर्थी के लॉगिन खाते में अपलोड किया जाएगा। इस संबंध में कोई भी व्यक्तिगत संप्रेषण नहीं किया जाएगा।

(ii) अंकों में परिवर्तन के मामले में, प्रथम संप्रेषण दिया जाएगा/ होस्ट किया जाएगा कि अंकों में परिवर्तन (बढ़ोतरी/घटाव) हुआ है।

(iii) इसके बाद, एक बार जब परिणाम की पुन: गणना कर ली जाती है तो अंकों में वास्तविक घटाव या बढ़ोतरी भी बताई जाएगी/ होस्ट की जाएगी।

(iv) आवेदकों को सत्यापन अनुरोध की स्थिति जानने के लिए सीबीएसई वैबसाइट पर जाने की सलाह दी

जाती है।

**(ग) केवल वही अभ्यर्थी जो अंकों के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे, वे उस विषय/ उन विषयों में उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।**

**(II) मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन**

क केवल वही अभ्यर्थी जिन्होंने अंकों के सत्यापन के लिए, जैसा कि ऊपर निर्धारित किया गया है, के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन किया है, वे मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

ख प्रसंस्करण प्रभार कक्षा-X के लिए रु.500/- प्रति विषय होगा। अनुलग्नक-I में समय सारणी दी गई है।

ग अभ्यर्थी की ओर से प्रस्तुत किए गए आवेदन और अपूर्ण आवेदन को भी सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और जमा किया गया शुल्क बिना किसी आगे संदर्भ के जब्त कर लिया जाएगा।

घ परीक्षा प्रक्रिया इत्यादि से संबंधित परीक्षक, मूल्यांकनकर्ता/अन्य कर्मचारी की पहचान से संबंधित पूरी जानकारी को गुप्त रखने के बाद आवेदकों को उनके लॉगिन खाते में उत्तर पुस्तिका की स्कैन प्रति प्रदान की जाएगी।

ङ **यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न के संबंध में दिए गए अंकों को चुनौती देने का इच्छुक है, तब उसे अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए (समय सारणी के अनुसार) ऑनलाइन आवेदन करना होगा।**

**(III) मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन**

क केवल ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने हेतु आवेदन किया हो, वे किसी प्रश्न के संबंध में दिए गए अंकों को चुनौती देने अथवा पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे।

ख पुनर्मूल्यांकन/ चुनौती के लिए अनुरोध रु.100/- प्रति प्रश्न केवल थ्योरी भाग के लिए स्वीकार किए जाएंगे।

**ग आवेदक को संबंधित विषय में अंकन योजना का संदर्भ लेना होगा जो प्रश्न पत्र के साथ वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इसके बाद, अभ्यर्थी तर्क के साथ अपेक्षित प्रश्न/प्रश्नों में पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।**

घ पुनर्मूल्यांकन की स्थिति को वैबसाइट पर अपलोड किया जाएगा जिसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय से औपचारिक संप्रेषण किया जाएगा।

ङ एक अंक की कमी भी लागू/प्रभावी होगी।

च पुनर्मूल्यांकन का परिणाम अंतिम होगा और पुनर्मूल्यांकन के विरुद्ध किसी समीक्षा या अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी उपर्युक्त तीन गतिविधियों अर्थात I, II और III के मामले में, दिए गए अंकों पर बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा।

**आरटीआई-अधिनियम-2005 के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार प्रदान की जाएगी। तथापि, सत्यापन और/अथवा पुनर्मूल्यांकन के लिए अनुरोध आरटीआई अधिनियम तहत नहीं किया जा सकता है और इस पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**हस्ता/-**
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि: वेब प्रबंधक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**अनुलग्नक-I**

| कक्षा–x कंपाट्र्मेंट परीक्षा 2022 हेतु<br>अंकों के सत्यापन, मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकॉपी प्राप्त करने और पुनर्मूल्यांकन के लिए समय सारणी | | | |
|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **गतिविधि** | **अवधि** | **शुल्क** |
| | | | |
| 1. | **अंको का सत्यापन:** | | |
| | ऑनलाइन आवेदन | 12.09.2022 (सोमवार) से 13.09.2022 (मंगलवार) मध्यरात्रि 11.59.59 तक | प्रति विषय रु.500/- |
| 2. | **मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकॉपी प्राप्त करना:** | | |
| | ऑनलाइन आवेदन | 19.09.2022 (सोमवार) से 19.09.2022 (सोमवार) मध्यरात्रि 11.59.59 तक | प्रति उत्तर पुस्तिका रु500/- |
| 3. | **पुनर्मूल्यांकन** | | |
| | ऑनलाइन आवेदन | 23.09.2022 (शुक्रवार) से 23.09.2022 (शुक्रवार) मध्यरात्रि 11.59.59 तक | प्रति प्रश्न रु.100/- |

नोट– ऑनलाइन प्रक्रियाएँ अवकाश के दिन भी की जा सकती हैं।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in